**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–18.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड के पूर्व राज्यपाल और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बनाए गए एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार।**
2. **मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग सभी दलों के लिए है समान, आयोग संवैधानिक कर्तव्य से नहीं हटेगा पीछे।**
3. **केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर झारखंड में स्वदेशी अपनाएं अभियान 27 अगस्त से होगा शुरू।**
4. **दुमका पुलिस ने सौर–प्लेट चोरी के गिरोह का किया पर्दाफाश, नौ अपराधी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद।**
5. **मौसम विभाग ने आज आंधी–तूफान और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, बारिश की दी चेतावनी।**

************************

झारखंड के पूर्व राज्यपाल और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सी. पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के एनडीए के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में श्री राधाकृष्णन ने अपने समर्पण, विनम्रता और बुद्धिमत्ता से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।
इधर झारखंड में भी सी पी राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा का स्वागत किया गया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद निशिकांत दुबे, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास समेत कई नेताओं ने श्री राधाकृष्णन को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने पर उन्हें बधाई दी है।

************************

निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसके लिए सभी दल समान हैं और वह राजनीतिक दलों के बीच कोई भेदभाव नहीं करता। कल नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

************************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल रांची के महात्मा गांधी मार्ग पर आयोजित 'नमो दही–हांडी प्रतियोगिता' और 'भजन कार्यक्रम' में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन संदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि गीता संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक है। राज्यपाल ने युवाओं से जीवन में अनुशासन, एकता और दृढ़ संकल्प के साथ सफलता हासिल करने का आह्वान किया।

************************

रांची में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ ने प्रेसवार्ता कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर झारखंड का व्यावसायिक वर्ग **स्वदेशी अपनाएं आत्मनिर्भर भारत बनाएं** अभियान की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि 27 अगस्त से गणपति उत्सव के मौके पर राजधानी रांची से इस अभियान की शुरुआत होगी, जिसकी गूंज गांव–गांव तक पहुंचेगी।

************************

गोड्डा में भाजपा की सात सदस्यीय टीम के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ललमटिया के डकैता गांव पहुंचे और पुलिस मुठभेड़ में मारे गए सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात की। मौके पर अर्जुन मुंडा ने दोबारा पोस्टमार्टम कराने और मामले की सीबीआई जांच की मांग की।

************************

दुमका पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से सौर–प्लेट और स्कूलों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं में शामिल नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आरोपियों को जामा और शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र से छापामारी कर पकड़ा गया और उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए सौर–प्लेट, कंप्यूटर और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

************************

पाकुड जिले में आदिम जनजाति पहाड़िया परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना वरदान साबित हो रही है।

***********************

- हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नशा मुक्त हजारीबाग अभियान की शुरुआत करते हुए नशा के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में रांची से आए चिकित्सकों ने लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया और स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां उपलब्ध कराईं। मौके पर विधायक ने कहा कि "नशा को ना, ज़िंदगी को हाँ" कहकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है और हर 15 दिन पर ऐसे कार्यक्रम विभिन्न इलाकों में होंगे।

- ' बोकारो पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की 8 बाइक बरामद की हैं जिनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गिरोह बरामद बाइकें चंद्रपुरा, दुग्दा थाना क्षेत्र और धनबाद से चोरी की गई थीं और आगे की कार्रवाई जारी है।

***********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए आंधी–तूफान के साथ वर्षा और वज्रपात की चेतावनी दी है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है और कई जिलों में गरज के साथ बारिश की भी संभावना है। विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों में राज्य का अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के असर से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है।

***********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

- राज्य से प्रकाशित होनेवाले प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा अपने पिता दिशाम गुरू शिबू सोरेन के अस्थि विसर्जन करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

- **प्रभात खबर और दैनिक जागरण ने लिखा है–** हेमन्त सोरेन ने विधि विधान से गुरूजी की अस्थियों को दामोदर में किया विसर्जित, कहा प्रकृति का प्यारा लाल, प्रकृति में ही समाया।

- **हिंदुस्तान ने लिखा है** हरमू सब स्टेशन से आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली।

- **दैनिक भास्कर के भाब्द हैं** जम्मू कश्मीर में 3 दिन में दूसरी आपदा, कठुआ में बादल फटा, पांच बच्चों समेत सात की मौत।

***********समाप्त***********